वर्ष 30 अंक 144
Pages 12
Bareilly, Monday, 4 February 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 2/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण
World Cancer Day
inext

कार्डियो मायोपैथी कस रही युवाओं पर शिकंजा

कारणों के अभाव में इलाज करने में हो रही समस्या, खोज रहे समाधान

विशेषज्ञ बोले, बुजुर्गों के अलावा युवाओं को बना रही शिकार

दिल की बीमारी पर व्याख्यान करते विशेषज्ञ.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 Feb): दिल की बीमारियों में शामिल कार्डियो मायोपैथी चिकित्सा जगत के हृदय रोग विशेषज्ञों के लिए चुनौती बनी हुई है. अब तक यह बीमारी अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलती थी, लेकिन अब युवाओं में भी मिल रही हैं. विशेषज्ञों की मानें तो अभी तक इस बीमारी के कारणों का पता नहीं चल सका हैं, जिसके कारण इलाज करने में काफी समस्या हो रही है.

एसआरएमएस में आयोजित कॉर्डिकॉन 2019 में शामिल होने पहुंचे बीएचयू, बनारस के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र जैन के अनुसार हृदय रोग से पीड़ित रोगियों में से 5-10 प्रतिशत लोग इस बीमारी की चपेट में है. इस बीमारी में धमनियों में होने वाले ब्लॉकेज से हार्ट फेल हो जाता है. यह मृत्यु का कारण बनता है. उन्होंने बताया कि अभी तक इस रोग के कारणों का पता नहीं चल सका है. इस कारण इलाज में काफी दिक्कत हो रही है. हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोगों का इलाज दवाओं के जरिये किया जा रहा है, लेकिन उन्हें बचाने में काफी दिक्कत आ रही है.

इस प्रकार के आ रहे केस

इस्कीमिया कार्डियो मायोपैथी, पैरीपार्टम कार्डियो मायोपैथी, वायरल मायोकार्डिटिस, स्ट्रेस कार्डियो मायोपैथी, इडियोपैथिक कार्डियो मायोपैथी.

इसे कहते हैं कार्डियो मायोपैथी

डॉ. धर्मेन्द्र जैन ने बताया की हार्ट की मसल्स का अचानक आई गड़बड़ियों की वजह से कमजोर होना, कार्डियो मायोपैथी के अन्तर्गत आता है. धमनियों में होने वाले ब्लाकेज का सीधा असर मसल्स पर पड़ता है. जिससे हृदय के पंप करने की क्षमता घट जाती है और मसल्स कमजोर हो जाती है. हार्ट कोलैप्स हो जाता है.

लक्षणों से करते हैं प्रयास

डॉ. धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि इस बीमारी का अब तक कोई मूल कारण सामने नहीं आया है. इसमें रोगी के सांस फूलने व शरीर के कई हिस्सों में सूजन आने के लक्षण प्रतीत होते हैं. जिसके आधार पर जांच कराई जाती है.